## निजी नलकूप का ताला तोड़ा, 50 किग्रा पाइप चोरी

**ओरछी, अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा ओरछी निवासी अकबर अली पुत्र अलीजान बुधवार सुबह खेत पर अपनी फसल की सिंचाई करने गए थे। निजी नलकूप के ताले टूटे मिले। भीतर गए तो खेत पर पानी लगने वाला पाइप गायब मिला। उन्होंने थाने जाकर पुलिस से शिकायत की। इससे पहले भी तीन नलकूप से भी चोरियां हो चुकी हैं। जिसकी शिकायत करने के बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है। किसानों का कहना है कि सीमावर्ती संभल जिले के चोर चोरी करके चले जाते हैं।

### तमाम प्रयासों के बाद भी बच्चों के नामांकन में नहीं हुई बढ़ोत्तरी, संख्या कम होने पर महानिदेशक शिक्षा ने बीएसए से मांगा जवाब

# नामांकन पर रहा जोर फिर भी कम हो गए 33 हजार 448 बच्चे

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचारः** परिषदीय विद्यालयों में विगत वर्ष की तुलना में 33 हजार से अधिक विद्यार्थी कम हो गए हैं। तमाम प्रयासों के बाद भी शिक्षक बच्चों की संख्या बढ़ाने में कामयाब नहीं हो सके। वहीं विद्यार्थियों की संख्या कम होने पर महानिदेशक की ओर से बीएसए से जवाब मांगा गया है। इधर शासन से नाराजगी जताने पर बीएसए ने बीईओ से स्पष्टीकरण तलब किया है।

जिले में 2155 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में पंजीकृत सभी विद्यार्थियों को यू डायस प्लस पोर्टल पर विवरण अपलोड किया गया है। यू डायस पोर्टल पर वर्तमान में तीन लाख 16 हजार 232 विद्यार्थियों का नामांकन का विवरण दर्ज किया गया है। जबकि विगत वर्ष 3 लाख 49 हजार 680 विद्यार्थियों का विवरण दर्ज हुआ था।

इस बार यू- डायस पोर्टल पर 33 448 हजार विद्यार्थियों कम हो गए हैं। सबसे खराब स्थिति नगर क्षेत्र बदायूं और सालारपुर ब्लॉक का है। हाल यह है कि इस बार कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में भी नामांकन में कमी आई है। परिषदीय विद्यालयों में नामांकन में कमी आने पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से पत्र जारी कर बीएसए से जवाब मांगा गया है। इधर नामांकन कम होने पर बीएसए स्वाती भारती ने सभी खंड शिक्षा अधिकारी व विद्यालय प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण तलब किया है।

- **पिछली बार यू डायस पर दर्ज हुआ था 3.49 लाख से अधिक बच्चों का विवरण**

प्रेरणा पोर्टल पर छात्रों का नामांकन हो रहा है। छात्र संख्या कम नहीं हुई है। कई बच्चों ऐसे मिले हैं जो निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं। उनका नाम हटा दिया गया है। बच्चों का नामांकन बढ़ाने के लिए छुट्टियों के बाद अभियान चलाया जाएगा। छात्र संख्या कम होने पर बीईओ से जवाब मांगा है।
**–स्वाती भारती**, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

### करोड़ों खर्च करने के बाद भी गिरी विद्यार्थियों की संख्या

बेसिक शिक्षा परिषद 30 सितंबर की छात्र संख्या को ही शैक्षिक सत्र की फाइनल स्थिति मानता है। इसी छात्र संख्या के हिसाब से नए सत्र में कापी किताबों के साथ अन्य सुविधाएं बच्चों को दी जाती हैं। छात्रों की लगातार कम हो रही संख्या से बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों पर बड़े सवाल खड़े हो रहे है। प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय स्कूलों में सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। उसके बाद भी स्कूलों में लगातार गिर गई छात्र संख्या सुविधाओं के न मिलने का प्रमाण दे रही है।

### मिड डे मील से लेकर यूनिफार्म तक की दी जा धनराशि

परिषदीय स्कूलों के छात्रों को प्रतिदिन मेन्यू के हिसाब से मिड डे मिल उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही छात्रों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से छात्रों के अभिभावकों के खातों में 1200 रुपये भेजे जाते हैं। अभिभावक इन रुपये से छात्रों के लिए बैग, यूनिफार्म, पेन पेंसिल, जूते मोजे के साथ अन्य सामग्री की खरीदारी करते हैं। परिषदीय स्कूलों में लगातार सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। निजी स्कूलों को टक्कर देने के लिए स्कूलों को स्मार्ट क्लास रूम से लैस किया जा रहा है। इसके बाद भी परिषदीय स्कूलों की स्थिति दयनीय बनी हुई है।

### प्रेरणा पोर्टल पर किया जा रहा बच्चों का नामांकन

परिषदीय स्कूलों में प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से बच्चों का नामांकन किया जा रहा है। जिला समन्वयक सामुदायिक शिक्षा पीसी श्रीवास्तव ने बताया कि पहले एक छात्र का कई जगह नामांकन होता था, लेकिन अब यदि किसी छात्र का अन्य जगह पहले से नामांकन होगा तो वह प्रेरणा पोर्टल पर दोबारा दर्ज ही नहीं होगा। इसी वजह से बच्चों की संख्या कम हुई है। बताया कि छुट्टियों के बाद नामांकन में तेजी लाई जाएगी।

# बैरन हो गई बिजली: छीना दिन का चैन, रात की नींद

### बार-बार ट्रिपिंग से बढ़ गई परेशानी, शहर से लेकर गांवों में बदतर हुए हालात, फसलें भी हो रहीं प्रभावित

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** बिजली विभाग गर्मियों में उपभोक्ताओं को रुला रहा है। चार चार घंटे बिजली गुल रहने से न तो रात को लोग सो पाते हैं और न ही दिन में आराम मिलता है। पूरे जिले में बिजली व्यवस्था चरमरा गयी है। ट्रिपिंग से लोगों को परेशानी हो रही है। विभाग लाइन खराब होने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लेता है। गांव और शहरी उपभोक्ता गर्मी में बेहाल हैं।

गर्मियों में बिजली संकट से जूझ रहे शहर के लोग अब रात को भी चैन से नही सो पा रहे हैं। रात को अचानक बिजली गुल हो जाती है जिसके बाद लोग बाहर निकल कर टहलने लगते हैं। मंगलवार की रात एक बजे बिजली गुल हो गयी। ब्राहमपुर, गद्दी चौक, सुभाष चौक, नई सराय, कल्यान नगर, शहबाजपुर, टिकट गंज, पथिक चौक से लेकर जवाहरपुरी तक की बिजली गुल हो गयी। रात को सैकड़ों लोग सड़कों पर टहलते देखे गए। इन मोहल्लों के लोगों ने बताया कि बुधवार को सुबह दस बजे के बाद कई बार बिजली सप्लाई ठप रही। दोपहर को 12 बजे के बाद एक घंटे तक बिजली गायब रही। भीषण गर्मी में लोग बेहाल रहे। घर मकान दुकानों में लगे कूलर पंखे बंद होने से लोग पसीना पोंछते रहे।


पनबड़िया बिजली घर पर लगा ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

- **शहर के कई मोहल्लों में आधी रात आई बिजली**

बाजाली नगर में भी रात को करीब चार घंटे बिजली गुल रही। बुधवार को दिन में करीब चार बार सप्लाई ठप हुई, जिससे लोग परेशान हो गए। शहर की लालपुल चौकी के आसपास के मोहल्लों में आज शाम चार बजे से बिजली गुल हुई जो दो घंटे बाद शुरू हुई। सोथा मोहल्ले में दो दिन से सप्लाई बाधित है।

पनबड़िया बिजली घर पर मंगलवार की रात से कुछ दिक्कत आ रही थी। दो जगह से तार टूट गया था। उसे बुधवार को ठीक किया गया है। कुछ ट्रिपिंग की भी समस्या आ रही है। दो से तीन दिन में पूरे शहर की बिजली समस्या से निजात मिल जाएगी। कई जगह पर तार ठीक किये गए हैं। अब कोई समस्या नहीं रहेगी।
**–अतुल कुमार** एसडीओ पनबड़िया

उधर देहात इलाकों में भी बिजली समस्या से परेशान उपभोक्ताओं का कहना है कि गर्मियों में बिजली विभाग भी रुलाता है। दिन में रात में कई कई बार बिजली गुल होने से भारी परेशानी होती है। अलापुर रोड स्थित ग्राम इस्लामगंज में बुधवार को दोपहर एक बजे से बिजली गुल हो गयी। जो तीन बजे शुरू हुई। यहां बिजली के आने जाने का कोई समय नही है इसलिए उपभोक्ता खासे परेशान हैं। शहर की ढाक वाली जियारत स्थित विद्युत उपकेंद्र से करीब चौदह गांवों को सप्लाई दी जाती है। ककराला रोड स्थित दर्जनों गांवों के लोग बिजली घर पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बिजली समस्या को लेकर हंगामा किया। जिसके बाद सप्लाई शुरू हो सकी।


ब्राह्मपुर में बिजली की समस्या कई दिनों से बनी हुयी है। यहां पर रात को कटौती होती है जबकि दिन में हर घंटे पर ट्रिपिंग होती है जिससे घरों में बच्चे महिलाएं परेशान होते रहते हैं।
**–अमित सक्सेना** –ब्राह्मपुर


पूरे शहर में बिजली संकट से लोग जूझ रहे हैं। बिजली घर पर फोन करने पर जेई व अन्य कर्मचारी फोन रिसीव नहीं करते हैं। दिन में गर्मी से जूझ रहे लोग बिजली किल्लत से परेशान रहते हैं। कोई सुनता नहीं है।
**–गौरव सक्सेना**


बिजली विभाग लापरवाह बना हुआ है। गर्मी के दिनों में चार घंटे की कटौती परेशान करने वाली है। प्रशासनिक अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही हे।
**–अभिषेक साहू**


शहर व आसपास के क्षेत्रों में बिजली संकट से लोग जूझ रहे हैं। हर रोज दो दो घंटे की कटौती के साथ ही ट्रेपिंग होती है। जिससे कूलर पंखे बंद रहते हैं घरों पर लोग गर्मी से उबलते रहते हैं। बड़ी समस्या
**–राकेश गुप्ता**

## भूमि संरक्षण के कार्यों की जांच के लिए आएगी केंद्रीय टीम

**बदायूं, अमृत विचार :** भूमि संरक्षण विभाग द्वारा जनपद में कराए कार्यो का निरीक्षण करने को केंद्र सरकार की टीम बहुत जल्द यहां आएगी। टीम के आने की सूचना मिलते ही विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। भूमि सुधार पर कराए गए कार्यो का बारीकी से निरीक्षण किया जाएगा।

भूमि को उपजाऊ बनाने की जिम्मेदारी भूमि संरक्षण विभाग की है। जिले में पिछले वर्ष से अबतक बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने के लिए भूमि संरक्षण विभाग की ओर से कार्य कराए गए थे। इन्हीं कार्यों की जांच करने लिए जल्द ही केंद्रीय टीम बदायूं आ रही है। केंद्र सरकार की टीम यहां पर क्या क्या देखेगी इसकी जानकारी विभाग को दी जा चुकी है। ये वजह है कि विभागीय अधिकारी अभी से तैयारियों में जुट गए हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो इस महीने के अंत में टीम यहां पहुंचेगी और विभाग का लेखा जोखा देखने के बाद भूमि सुधार के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी करेगी। भूमि संरक्षण अधिकारी सतीश यादव ने बताया कि इस तरह का निरीक्षण हर साल किया जाता है।

## जिलाधिकारी ने क्षयरोगी को प्रदान की खाद्य सामग्री

**बदायूं, अमृत विचार :** निक्षय पोषण योजना के तहत डीएम मनोज कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में एक क्षयरोगी को खाद्य सामग्री की पोटली प्रदान की। डीएम ने कहा कि जिले के सभी संभ्रांत व्यक्तियों, सामाजिक संस्थाओं एवं अधिकारियों, कर्मचारियों को ऐसे कार्यों में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि नियमित रूप से उपचार कराने से क्षय रोग से मुक्ति मिल सकती है। क्षयरोगी को नियमित समय से अपना परीक्षण कराकर परामर्श चिकित्सक द्वारा बताई गई औषधियों का सेवन करना चाहिए। इस अवसर पर अधिकारी व चिकित्सक उपस्थित रहे।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
FREE CLASSES FOR CNET - 2024
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Pilibhit Office: Kishan Bihar Colony, Near Om Lawn, Pilibhit- Mob.: 9837510267
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# मरीजों के लिए शव वाहन से ढोई जा रहीं दवाएं, होगी जांच

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के शव वाहन से शव ढोने के अलावा अन्य कई कार्य लिए जा रहे हैं। अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली दवाएं भी शव वाहन से ढोई जा रही हैं। अस्पताल प्रशासन की यह बड़ी लापरवाही उजागर होने पर खलबली मच गई है।

शासन की व्यवस्था है कि जो लोग जिला अस्पताल में भर्ती होते हैं उनकी मौत होने पर उनके शवों को जिला अस्पताल के शव वाहन से उनके घर तक पहुंचाए जाते हैं। लावारिस शवों को इन्हीं वाहनों से पोस्टमार्टम हाउस तक पहुंचाया जाता है। जिला अस्पताल प्रशासन शव वाहन से कई तरह के काम ले रहा है। बुधवार को शव वाहन में दवाएं भर कर लायी गयीं। शव वाहन में भरे गए दवाओं के पैकेट दूर से दिखाई दे रहे थे। चालक ने दवाएं लाकर दवा स्टोर के पिछले दरवाजे वाहन को लगा दिया। शव वाहन के पीछे का गेट खोला गया वैसे ही उसके फोटो कर लिए गए। कैमरों को देख कर दवा स्टोर में खलबली मच गयी। चालक भी भाग गया। जबकि दवा स्टोर के लोग भी अंदर ही छिप गए। शव वाहन में दवाएं लायी जाती हैं। इन्ही दवाओं को मरीजों को बांटा जाता है। इससे अस्पताल प्रशासन की संवेदनहीनता का पता चलता है।



शव वाहन में रखी दवाओं की पेटियां।

- **जिला अस्पताल में अधिकारियों की लापरवाही हुई उजागर**

शव वाहन से दवाएं लेने का मामला जानकारी में नहीं है। क्योंकि आज मैं बरेली में हूं, शव वाहन से यदि दवाओं के पैकेट लाए गए हैं तो यह गंभीर मामला है। इसका पता लगाया जाएगा। शव वाहन से किसने दवाएं मंगायी थीं। दवा लाने के लिए अन्य वाहनों का प्रयोग किया जाता है। कभी भी शव वाहन से दवाएं नहीं लायी जाती हैं। इस मामले की जांच करायी जाएगी।
**–डा. कप्तान सिंह** – सीएमएस

## सावधान कहीं बीमार न कर दे एक्सपायरी डेट का कोल्ड ड्रिंक

**आसफपुर, अमृत विचारः** कस्बे में बिक रही एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक कहीं आपको बीमार न कर दे। रेलवे स्टेशन के आसपास कुछ दुकानों पर इस तरह की कोल्ड ड्रिंक धडल्ले से बिक रही है।

अक्टूबर के महीने में गर्मी का मौसम ऑफ होते ही दुकानदार नजदीकी डीलर से बेहद कम दाम में एक्सपायर डेट की कोल्ड ड्रिंक्स स्टोर करके रख लेते हैं। जिसे अप्रैल माह में गर्मी शुरू होते ही निकाला जाता है। रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्री गला तर करने को इन दुकानों से कोल्ड ड्रिंक्स खरीदते हैं तो उनको बाहरी समझकर यही कोल्ड ड्रिंक्स थमा दी जाती हैं। अनजाने में यात्री बिना डेट देखे ही खरीद लेते हैं। कुछ जागरूक यात्री एक्सपायरी डेट देखकर आपत्ति करते हैं तो उनके साथ दुकानदार अभद्रता करते हैं। जब खाद्य विभाग द्वारा छापेमारी की जाती है तब दुकानदार पुरानी कोल्ड ड्रिंक छिपा देते हैं। मंगलवार को भी कोल्ड ड्रिंक लेने आये एक ग्राहक से एक्सपायरी डेट को लेकर दुकानदार की कहासुनी हो गई। स्थिति मारपीट तक आ पहुंची।

# रेड रोग के बाद अब गन्ना की फसल के लिए चोटी बेधक कीट बना खतरा

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** शेखपुर गन्ना मिल क्षेत्र में आने वाले कई गांव के गन्ना किसानों को फसल बचानी मुश्किल पड़ रही है। वजह कि फसल में रेड रोग और चोटी बेधक कीट हो गए हैं, जिससे फसल नष्ट होती जा रही है। शेखूपुर गन्ना मिल के कृषि विशेषज्ञों ने नगला शर्की गांव में गन्ना के खेतों का भ्रमण किया और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया। इसके साथ ही सुझाव दिए।

शहर का निकटवर्ती गांव नगला शर्की के किसान शेखूपुर चीनी मिल पर गन्ना डालते हैं। गन्ने में बीमारी लगने के संकेत मिलते ही चीनी मिल के कृषि विशेषज्ञों ने मंगलवार को नगला शर्की के गन्ना किसान राजेश्वर सिंह के खेत का निरीक्षण किया। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि यदि यहां छिड़काव नहीं कराया गया तो गन्ना की फसल को नुकसान हो सकता है। उन्होंने अपने सामने ही गन्ने में छिड़काव कराया। चीनी मिल के अधिकारी सर्वेश बाबू ने कहा कि गर्मी का मौसम में गन्ने की फसल में कई तरह की बीमारियां लगने की संभावना बनी रहती है।


गन्ना की फसल में कीटनाशक का छिड़काव करते किसान। ● अमृत विचार

- **गन्ना के पत्तों पर लग रहा चोटी बेधक कीड़ा, सूख रही फसलें**
- **शेखूपुर चीनी मिल प्रशासन ने किसानों से की बात**

पिछले साल रेड रोग की बीमारी से गन्ने को भारी क्षति हुई थी, उसी तरह इस साल भी कोई बीमारी लग सकती है। इसलिए किसानों को अभी से जागरूक होना होगा। चीनी मिल के कृषि विशेषज्ञों का कहना था कि समय पर पानी लगाएं और मिट्टी को सूखने न दें। साथ ही मिट्टी में दीमक न होने पाए इसके लिए पानी के साथ दवा लगाएं, जो गन्ने के पौधे की जड़ में पहुंच सके। गन्ना विभाग के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार ने कुल गन्ने का रकबा और उसमें प्रयोग होने वाली दवा की मात्रा को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

वरदान कॉलेज ऑफ नर्सिंग
VARDAN GROUP OF INSTITUTIONS VGI BAREILLY
ग्राम कैमुआ, आँवला, बदायूं रोड, बरेली, पिन-243402
यू.पी. स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा संबंद्ध
इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आई.एन.सी) दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
हेल्थकेयर क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
VARDAN GROUP OF INSTITUTIONS
संस्थान में संचालित पाठ्यक्रम
जी.एन.एम. | ए.एन.एम. | ओ.टी. टैक्नीशियन
कॉल करें-0581-2510507, 9412193065, 9720282723
नगर कार्यालय
वरदान हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर, ईसाईयों की पुलिया, श्यामगंज, बरेली-243001
ई-मेल : vardancollege1@gmail.com | वेबसाईट : www.vardangroupofinstitution.com

भावभीनी श्रद्धांजलि
अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि पूज्यनीय माताजी
श्रीमती प्रभा गुप्ता जी
(धर्मपत्नी स्व. डॉ. एस.पी. गुप्ता सेवानिवृत्त प्राध्यापक, बरेली उ.प्र.)
का स्वर्गवास दिनांक 13 मई 2024 को हो गया है।
उनकी दिवंगत एवं पुण्य आत्मा की परम शांति एवं सद्गति हेतु निम्न कार्यक्रम प्रस्तावित है :
दशकर्म एवं श्राद्धकर्म : शुक्रवार, 24.05.2024
ब्रह्म भोज : सोमवार, 27.05.2024
समय : प्रात: 9 से अपरान्ह 2:30 तक
कार्यक्रम स्थल : सी-20, फेज-1, यारा फर्टिलाइजर टाउनशिप, बबराला, उ.प्र.
आपको दिव्य आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि एवं शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाओं को व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।
शोकाकुल :
बी.डी. गुप्ता
एवं समस्त गुप्ता परिवार
विनीत :
नीरेन प्रसाद-8392947793
आशुतोष गुप्ता-9503053077
प्रतीक गुप्ता-7738368627

# आरओ, एआरओ की होंगी अलग टेबल

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **मतगणना अभिकर्ताओं को एसडीएम द्वारा नियुक्त किया जाएगा**
- **चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर प्रशासन ने शुरू की तैयारी**

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के बाद चार जून को मतगणना होगी। इसको लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। 84 टेबल पर मतगणना का काम होगा। एआरओ और रिटर्निंग ऑफिसर के लिए अलग से टेबल लगाई जाएगी। मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति संबंधित तहसीलों के एसडीएम द्वारा की जाएगी। बुधवार को डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतगणना संबंधी जानकारी उन्हें दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि हर विधानसभा में 14-14 टेबल लगेगी। एक-एक टेबिल एआरओ और रिटर्निंग अधिकारी के लिए लगाई जाएगी। पोस्टल बैलेट की मतगणना के लिए पांच टेबल लगाई जाएंगी।


राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीएम मनोज कुमार।

डीएम ने कहा कि मतगणना अभिकर्ताओं को संबंधित उप जिलाधिकारियों द्वारा नियुक्त किया जाएगा। चार जून को मंडी समिति परिसर में मतगणना का कार्य पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर सीडीओ केशव कुमार, एडीएम एफआर वैभव शर्मा, सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह पटेल सहित अन्य अधिकारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सहायक आयुक्त औषधि ने पकड़ा अवैध मेडिकल स्टोर

**बदायूं, अमृत विचारः** सहायक आयुक्त औषधि बरेली ने टीम के साथ थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव में संचालित अवैध मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। अधिकारियों ने मेडिकल स्टोर से 1.10 लाख रुपये की दवाइयां जब्त की हैं। साथ ही तीन दवाइयों के सैंपल लिए हैं।

दर्जनों ग्राम पंचायतों में अवैध रूप से मेडिकल स्टोर संचालित हैं। थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव तिगुलापुर में गांव गंगपुर निवासी सतीश चंद्र अवैध मेडिकल स्टोर का संचालन कर रहा था। जिसकी शिकायत किसी ने सहायक आयुक्त औषधि बरेली राजेश कुमार से कर दी। शिकायत पर सहायक औषधि

SHRI SIDDHI VINAYAK
SSVGI
GROUP OF INSTITUTIONS
Creating Winners for Life
Enroll Now
ADMISSION OPEN 2024 - 25
B.TECH | M.TECH | MBA
BBA | BCA | B.Com/B.Com(H) | Polytechnic
B.Sc (PCM/ZBC) | B.Sc (Biotech) | B.Sc (Home Sci.)
GNM/ANM | B.PHARMA | D.PHARMA
Paramedical courses
Diploma in Optometry / Emergency & Trauma
X-Ray Tech/ Dialysis/ Physiotherapy / O.T. Technician
7599471144, 7599471145
10th km, Bareilly - Nainital Rd, U.P.

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## एक नजर

### विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की मौत

बदायूं, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कल्याण नगरन निवासी सत्यप्रकाश (40) पुत्र रामप्रकाश ने बुधवार शाम अपने घर पर विषाख्त पदार्थ खा लिया। कुछ देर के बाद उनकी हालत बिगड़ गई। परिजनों जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने सत्यप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की मौत हुई है। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। परिजनों की ओर से तहरीर आने पर कार्रवाई होगी।

# गांवों में काम हो तो मिले मजदूरी रोजी- रोटी की चिंता में डूबे श्रमिक

## जिले की 204 ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्य बंद, दूसरे शहरों को जा रहे मजदूर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान मात्र छह हजार श्रमिकों को मिल सका है रोजगार

**अमृत विचार:** वित्तीय वर्ष शुरू हुए दो माह का समय पूरा होने जा रहा है। लेकिन जिले की 204 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जिनमें एक फूटी कौड़ी का भी काम नहीं हुआ है। काम बंद होने की वजह से मनरेगा मजदूरों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। ऐसी स्थिति में मजदूर रोजगार की तलाश दूसरे स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं।

विभागीय आंकड़ों पर गौर करें तो वर्तमान वित्तीय वर्ष में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत अब तक 3.88 लाख मानव दिवस सृजित हुए हैं। यह मानव दिवस जिले की 1036 में से 832 ग्राम पंचायतों में सृजित किए गए हैं। इन ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत कराए गए मिट्टी के कार्य में मात्र 6437 मजदूरों को ही काम दिया गया है। जबकि विभाग में जॉब कार्ड धारक मजदूरों की संख्या 2.32 लाख से अधिक है। ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत कार्य न कराए जाने की वजह से मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। काम न मिलने की दशा में उनके सामने आर्थिक तंगी के हालात पैदा हो गए हैं। ऐसे में परिवार का भरण पोषण करने के लिए मजदूर पलायन कर रहे हैं। उन्होंने काम की तलाश में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब महाराष्ट्र आदि की ओर रुख कर लिया है।

### पिछले वर्ष मात्र 70 हजार मजदूरों को मिल सका काम

पिछले वर्ष जिले में 35.34 लाख मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य विभाग को मिला था। जिसके सापेक्ष 36.94 लाख मानव दिवस सृजित किए गए। 104.5 प्रतिशत मनरेगा कार्य हुए। इसके बाद भी मात्र 70 हजार मजदूरों को ही रोजगार मिल सका। जबकि जॉब कार्ड धारकों की संख्या सवा दो लाख से अधिक है।


एक माह से अधिक समय बीत गया है। लेकिन अभी तक मनरेगा में काम नहीं मिला है। परिवार चलाना कठिन हो गया है। दूसरे स्थान पर जाकर कामकाज की तलाश करेंगे।
–**वीरपाल**, गांव पस्तोर


पिछले साल भी ठीक से काम नहीं मिला। जैसे–तैसे परिवार का भरण पोषण किया था। इस बार भी काम नहीं मिला है। दिल्ली या हरियाणा में कामकाज की तलाश करेंगे।
–**सत्यपाल**, गांव मई रजऊ


गांव में मनरेगा का काम बंद पड़ा है। पिछली बार भी बहुत कम काम किया गया था। परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। आर्थिक हालात अधिक खराब हैं। अब दूसरे स्थान पर कामकाज की तलाश करेंगे।
–**भूरे**, गांव लहरा असदुल्लापुर


मनरेगा योजना में काम मुश्किल से मिल पाता है। प्रधान से काम मांगने पर कह दिया जाता है कि काम बंद है। ऐसे में अन्य स्थान पर कामकाज की तलाश में जाना पड़ता है। एक दो दिन में दिल्ली जाने की तैयारी है।
–**सलमान**, गांव असौली

> चुनाव की वजह से कामकाज प्रभावित रहा है। सभी बीडीओ के साथ बैठक की गई है। उन्हें निर्देश दे दिए गए हैं कि सभी ग्राम पंचायतों में काम शुरू कराया जाए। जिन ग्राम पंचायतों में काम बंद है। उनमें काम जल्द शुरू करा दिया जाएगा।
> – **बलराम कुमार**, डीसी मनरेगा

# छोटे व बड़े सरकार की कमेटी ने की जांच की मांग

**बदायूं, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी अल्संख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता शीराज आलम ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर पूर्व में गठित प्रशासनिक कमेटी द्वारा वक्फ संख्या 223 व 224 छोटे व बड़े सरकार कमेटी की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि छोटे व बड़े सरकार दरगाह उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड में 223 व 224 नंबर पर दर्ज है। दरगाह कमेटी द्वारा दरगाह में हो रही अनियमितताओं को लेकर बरेली आयुक्त से लेकर डीएम को भी शिकायती पत्र सौंपे गए थे। जिसके बाद एसडीएम सदर, सीओ सिटी, उपनिबंधक, सिटी मजिस्ट्रेट और जिला अल्पसंख्य कल्याण अधिकारी की जांच कमेटी बनाई गई। जांच की अनुमति के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड को पत्र लिखा गया लेकिन बोर्ड में मुख्य कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति न होने के कारण जांच नहीं हो सकी। उन्होंने डीएम से प्रशासनिक कमेटी से जांच कराने की मांग की है।

# सीएचसी अग्निकांड की जांच पूरी, होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कादरचौक पीएचसी पर आग लगने से हुआ था नुकसान
- एसीएमओ ने किया निरीक्षण सीएमओ को सौंपी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कादरचौक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आग लगने से करीब चालीस लाख की क्षति हुई है। अग्निकांड की जांच के लिए गठित की गयी दो सदस्यीय टीम ने जांच रिपोर्ट सीएमओ को सौंपी दी है। अधिकारियों की माने तो जांच आख्या मिलने के बाद गुरुवार को संबंधित कि खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। सीएमओ डॉ. अब्दुल सलाम खान ने कोल्ड चेन प्रभारी उमेश कुमारी को निलंबित कर दिया है।

कादरचौक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर 16 मई को कोल्ड चेन रूम में आग लग गयी थी, जिससे कोल्ड चेन रूम का सारा सामान जल कर राख हो गया था। इस अग्निकांड की जांच के लिए दो सदस्यीय जांच टीम गठित की गयी। चार दिन में जांच रिपोर्ट देने को कहा गया। बुधवार को एसीएमओ डॉ. मोहन झा की टीम ने कादरचौक सीएचसी पर पहुंच कर बड़े हाल में विंडो लगवा कर कोल्ड चेन रूम बनवा दिया है। अब इसी कमरे में फ्रीजर और वैक्सीन रखी जाएगी। एसीएमओ डा. मोहन झा ने आज अपने सामने टीकाकरण कराया। आग में वैक्सीन और फ्रिज के जल जाने से उझानी और जगत सीएचसी से उक्त सामान मंगाया गया है। जिससे कि टीकाकरण का कार्य प्रभावित न हो।

आग लगने के बाद मंडल की स्वास्थ्य टीम ने मंगलवार को कादरचौक सीएचसी का निरीक्षण किया। आग कैसे लगी। और कितना नुकसान हुआ, इसका आकलन किया गया। टीम के निर्देश पर डीप फ्रीजर और कुछ वैक्सीन बरेली से मंगायी गयी है।

> कोल्ड चेन रूम में आग लगने से करीब चालीस लाख का नुकसान हुआ है। आस पास की सीएचसी से फ्रीजर और वैक्सीन लाकर काम चलाया जा रहा है। अब जांच की गयी है। देखते हैं किस पर क्या कार्यवाही की जाती है। वैसे माना यह जाता है कि आग शार्ट सर्किट से लगी होगी। यदि इसके अलावा कोई कारण रहा होगा तो सामने आयेगा।
> –**डा. अवधेश राठौर** – एमओआईसी

# निर्माणाधीन स्कूल में फंदे पर संदिग्ध हालात में लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, उसहैत

- परिजनों से विवाद के बाद 19 मई को मजदूरी करने जाने की बात कहकर घर से गया था युवक

**अमृत विचार :** कस्बा उसहैत के निर्माणाधीन राजकीय हाईस्कूल में चार दिन पहले घर से निकले युवक का शव फंदे पर लटका मिला। सुबह टहलने गए लोगों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। फोटो वायरल होने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक की शिनाख्त की।


मृतक अजय चंद।

बुधवार सुबह टहलने निकले कस्बा के लोगों को निर्माणाधीन भवन से दुर्गंध आती महसूस हुई तो पास पहुंचकर खिड़की से झांक कर देखा। वहां युवक का शव फंदे पर लटका था। पुलिस ने घटना स्थल की वीडियोग्राफी कराई। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए। कमरे से युवक का बैग, शराब का पौव्वा, पानी की बोतल भी मिली है।

पुलिस ने शव के फोटो आसपास के लोगों के व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजे, तब युवक के परिजन मौके पर पहुंचे और कस्बा के वार्ड एक निवासी अजय चंद पुत्र रामकिशोर के रूप में उसकी शिनाख्त की। शिवराज ने बताया कि उसका भाई अजय मेहनत मजदूरी करता था। कुछ दिन पहले यहां आया, लेकिन काम न मिलने से अवसाद में रहने लगा और परिजनों से विवाद करने लगा था। 19 मई को परिजनों से विवाद होने के बाद वह घर से मजदूरी की बात कहकर गया था। फोन बंद आ रहा था। परिजनों ने रंजिश से इन्कार किया है। अजय के भाई ह्रदेश ने भी दो साल पहले फंदा लगाकर जान दी थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हरा चारा खाने पर गोवंश की लाठियों से पीट कर हत्या

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव सिंगरौरा में हरा चारा खा लेने पर गांव के ही सुरेश पाल ने गोवंश को लाठियों से पीट कर मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के बाद छोड़ दिया।

गौवंश की मौत के बाद थाने का एक दरोगा भी मौके पर पहुंच गया। घटना के बाद ग्रामीण ने कार्रवाई की मांग की। दरोगा ने आरोपी को पकड़ लिया, बाद में छोड़ दिया। गोवंश के शव को गांव के बाहर गड्डा खोदकर दफन करा दिया। जानकारी मिलने पर पीपल फॉर एनिमल संस्था के अध्यक्ष पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने कार्रवाई की मांग की है।

# गोवंश के लिए आई धनराशि डकार गए प्रधान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डेढ़ साल से गोशालाओं को गोवंशों के भरण पोषण को नहीं दी धनराशि
- 18 रुपये प्रति गोवंश के हिसाब से गोशालाओं को किया जाता था भुगतान

**अमृत विचार:** गोवंशों के भरण पोषण को मिली करीब 10.50 लाख धनराशि ग्राम प्रधान और सचिव डकार गए। करीब डेढ़ साल से गोशालाओं को धनराशि नहीं दी गई। जिसकी जानकारी अधिकारियों को तब हुई जब केयरटेकर ने धनराशि न मिलने की शिकायत की। पूछताछ के बाद सचिवों ने धनराशि गोशालाओं को आवंटित न किए जाने की बात कबूली, जिस पर डीपीआरओ ने सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही धनराशि गोशालाओं में हस्तांतरित कर अभिलेख प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

ब्लॉक दातागंज की ग्राम पंचायत लालपुर खादर, बिहारीपुर अजब और कुंडरा मझरा के प्रधान और सचिव ने गोवंशों के भरण पोषण को मिली धनराशि को गोशालाओं को हस्तांतरित नहीं की। धनराशि न मिलने के अभाव में केयर टेकर का गोवंशों का पालन पोषण करना भारी पड़ रहा था। जिस पर उन्होंने धनराशि की मांग की। इसे गंभीरता से लेते हुए डीपीआरओ ने सचिवों से धनराशि न दिए जाने के बारे में जानकारी ली। पहले तो सचिवों और प्रधानों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया, लेकिन जब कार्रवाई चेतावनी दी तो सचिवों ने धनराशि न दिए जाने की बात कबूल कर ली। जांच में पता चला कि लालपुर खादर की प्रधान प्रीति यादव ने डेढ़ साल से करीब 6.50 लाख, बिहारीपुर अजब के प्रधान कुलदीप कुमार सिंह ने छह माह से करीब डेढ़ लाख और कुंडरा मझरा के प्रधान तपन कुमार ने दस माह से करीब ढाई लाख रूपये गोवंशों के भरण पोषण को मिली धनराशि गोशालाओं में नहीं दी है। जिस पर डीपीआरओ ने तीनों ग्राम पंचायतों के सचिव और प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही जवाब न दिए जाने तथा धनराशि गोशालाओं में न भेजे जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### इतनी मिलती है धनराशि

गोवंशों के भरण पोषण के लिए प्रदेश सरकार 18 रुपये प्रतिदिन प्रति पशु के हिसाब से गोशालाओं के लिए धनराशि आवंटित करती है। जिसकी जिम्मेदार पशुपालन विभाग द्वारा निभाई जाती है। पिछले वित्तीय वर्ष में मिली धनराशि को विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों द्वारा गोवंशों की संख्या के आधार पर मांग करने पर विभाग द्वारा धनराशि का आवंटित कर दिया गया, लेकिन प्रधान और सचिव द्वारा धनराशि गोशालाओं में नहीं दी गई, जिससे गोशालाओं की स्थिति दयनीय हो गई। गोशालाएं में संरक्षित गोवंश दान में मिले भूसे पर ही निर्भर हैं। उन्हें हरा चारा नसीब नहीं हो रहा है।

> तीन ग्राम पंचायतों के सचिवों द्वारा गोवंशों के भरण पोषण के लिए मिली करीब साढ़े दस लाख रुपये की धनराशि गोशालाओं में नहीं दी है। सचिवों और प्रधानों को नोटिस जारी किया है। जवाब मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
> –**श्रेया मिश्रा**, डीपीआरओ

# भाजपा नेता से मारपीट करने वाले दरोगा सिपाही लाइन हाजिर


**बदायूं, अमृत विचार :** उसहैत क्षेत्र के गांव हाफिजनगला निवासी श्यामपाल रविवार को गांव नगरिया दुगानी निवासी अजय पाल की आटा चक्की पर गेहूं पिसवाने गए थे। गेहूं एक किलो कम निकलने पर दोनों के बीच विवाद हो गया था। श्यामपाल भाजपा मंडल महामंत्री राहुल लोधी के साथ थाने में शिकायत करने पहुंचा। मंडल अध्यक्ष का आरोप है कि हल्का दारोगा जाहिद हुसैन और सिपाही नितिन ने अभद्रता की। दारोगा की शह पर सिपाही ने उनके साथ मारपीट की और हवालात में बंद कर दिया। भाजपाईयों धरना दिया। माहौल गर्माया तो पुलिस ने आरोपी चक्की मालिक अजय पाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। शिकायत के बाद एसएसपी ने मामले की जांच सीओ से कराई। दोषी मिलने पर लाइन हाजिर कर दिया।

# पशु को करंट से बचाने पहुंची मां व तीन बेटियां झुलसी, पशु की मौत

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार:** कस्बे के मोहल्ला मोहिउद्दीन में विद्युत विभाग द्वारा नई लाइन बिछाई जा रही है। उसमें अचानक से करंट दौड़ने लगा, जिसकी चपेट में आकर एक महिला सहित तीन लोग झुलस गए और एक पशु की मौत हो गई। हादसा के दौरान वहां मौजूद विद्युत कर्मचारियों ने सप्लाई बंद कराई। इस घटना से मोहल्ले के लोगों में रोष है।

नगर के मोहल्ला मोहिउद्दीनपुर में बुधवार की शाम के समय नई विद्युत लाइन डाली जा रही थी, जिसमें अचानक करंट दौड़ गया। कुछ देर में तार टूटकर लालाराम के घर बाहर बंधे पशुओं पर गिर गया, जिससे वह तड़पने लगा। पशु को बचाने पहुंची लालाराम की पत्नी शांति देवी भी करंट की चपेट में आ गईं और तड़पने लगीं। मां को तड़पता देख उनकी बेटियां नीलम व नीरज बचाने गईं तो वे भी करंट की चपेट में आ गईं। इससे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। जिस वक्त हादसा हुआ उस वक्त बिजली विभाग के कर्मचारी मौजूद थे। उन्होंने तुरंत लाइन बंद कराई। तब तीनों मां बेटियों की जान बच सकी। लेकिन पशु की मौत हो चुकी थी।


करंट से झुलसी महिला की देखभाल करते परिजन। ● अमृत विचार

- नगर में विद्युत विभाग बिछा रहा है बिजली की नई लाइन
- विद्युत लाइन पर अचानक करंट दौड़ने से पशु की मौत

# साढ़े चार माह बाद कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई हत्या की रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव दुगरैया में लगभग साढ़े चार माह पहले युवक की मौत के मामले में एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। मृतक की पत्नी की शिकायत की पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वह कोर्ट की शरण में पहुंची। थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव दुगरैया की राखी ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि चार जनवरी शाम लगभग साढ़े पांच बजे वह अपने पति नेमचंद के साथ घर में बैठी थी। गांव के ही धीर सिंह, शेर सिंह, शमशेर सिंह पुत्र सियाराम, सोनम पत्नी धीर सिंह उनके घर में घुस आए। गाली-गलौज करना शुरू कर दी और गांव से काला मुंह करके निकालने की धमकी दी। आरोपियों ने अवैध संबंधों का आरोप लगाया।

# चार चोर पकड़े, सामान बरामद

संवाददाता, इस्लामनगर

- बैंक समेत कई स्थानों पर चोरों ने की वारदात, पुलिस ने दबोचा भेजा जेल
- चोरी का सामान और 29500 रुपये किए बरामद, रिपोर्ट दर्ज करके भेजा जेल

**अमृत विचार :** कुछ दिनों से थाना इस्लामनगर क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का ग्राफ बढ़ गया था। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। मंगलवार रात चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़ गए। उनके पास चोरी कुछ सामान और रुपये बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की घटनाओं को करना कबूल किया है। पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया।

मंगलवार देर रात इस्लामनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे के मोहल्ला मनिहार निवासी मुबारिक, इमरान, गुड्डू और मुजीब को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने भारी मात्रा में सामान बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि कुछ दिन पहले बैंक से बैट्री, खाद की दुकान समेत कई स्थानों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के घर से पुलिस ने चार बैट्री, चार बोरी डीएपी, चार समरसेबिल और 29 हजार 500 रुपये बरामद किए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने ही घटना को अंजाम दिया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने चारों को जेल भेज दिया। आरोपियों ने बताया कि वे रेकी करने के बाद योजनाबद्ध तरीके से चोरी करते थे।


इस्लामनगर पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी और बरामद सामान।

# गला दबाकर की गई थी अभिषेक शर्मा की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मंगलवार को थाना इस्लामनगर क्षेत्र में गांव विजयपुर के पास खेत पर मिला था युवक का शव

**अमृत विचार :** घर से टहलने निकला युवक परिजनों को खेत पर बेसुध मिला। इलाज के लिए संभल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गले और शरीर पर चोट के निशान देखते हुए परिजनों शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार युवक की गला दबाकर हत्या की गई है।


मृतक अभिषेक शर्मा

इस्लामनगर के गांव विजयपुर निवासी अभिषेक शर्मा (35) पुत्र चंद्रपाल मंगलवार सुबह लगभग पांच बजे वह टहलने के लिए घर से गया था। काफी देर तक वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश किया। गांव निवासी जुगेंद्र पुत्र सुरेश यादव ने उनके परिजनों को सूचना दी कि अभिषेक खेत पर बेसुध पड़ा है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने सर्पदंश की आशंका जताते हुए संभल जनपद के निजी अस्पताल में दिखाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। राजेश ने बताया कि उनका भाई अभिषेक खून से सना कुछ दूर पड़ा था। चप्पलें भी कुछ दूर थीं। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पोस्टमार्टम कराया तो पता चला कि अभिषेक की गला दबाकर हत्या की गई है। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों ने अंतिम संस्कार के बाद तहरीर देने की बात कही है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।


मांग | सपा सरकार में दबतोरी में बनाया गया था ब्लॉक, हो गईं थी अधिकारियों की नियुक्तियां

# दबतोरी को दोबारा ब्लाक बनाने को आवाज बुलंद की

संवाददाता, दबतरा


**अमृत विचार :** बिसौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दवतोरी को आठ साल पूर्व सपा सरकार ने विकास खंड का दर्जा दिया था। विकास खंड कार्यालय का शिलान्यास भी कर दिया गया था। ब्लॉक कर्मचारी भी तैनात कर दिए गए थे। लेकिन उसके बाद प्रदेश में जैसे ही सरकार बदली तो यहां का विकास खंड का दर्जा भी खत्म कर दिया गया। अब लोग यहां पर सरकार से फिर से विकास खंड की मांग कर रहे हैं।

वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने यहां पर ब्लॉक मुख्यालय बनाने की घोषणा की थी। ब्लॉक कार्यालय का शिलान्यास भी कर दिया गया और अधिकारी कर्मचारी भी तैनात कर दिए गए। जिससे आस पास के दर्जनों गांवों के लोगों को सुविधा हुई। उस समय ब्लॉक कार्यालय को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन में बनाया गया था और काम शुरू कर दिया गया था। इसके लिए तत्कालीन सांसद धर्मेन्द्र यादव ने पहल की थी। वर्ष 2017 में जैसे ही भाजपा सरकार बनी, वैसे ही ब्लॉक का दर्जा खत्म कर दिया गया। ब्लॉक खत्म हो जाने से ग्राम भरतपुर मुसीय नगला, ललुआ नगला, दौलतपुर, लक्ष्मीपुर, संग्रामपुर के लोगों को 30 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।



ब्लॉक के शिलान्यास को लगाया गया शिलापट्ट। ● अमृत विचार


ग्राम पंचायत दबतोरी में बने विकासखंड को निरस्त करना जनता के साथ नाइंसाफी है। विकासखंड बहाल किया जाये। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि सांसद विधायकों को इस ओर गंभीरता पूर्वक ध्यान देना चाहिए
–**निर्दोष शर्मा** एडवोकेट


दवतोरी में विकासखंड बनने से क्षेत्र की जनता को काफी सहूलियत मिली थी, भाजपा सरकार द्वारा निरस्त करने से 30 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। गरीब एवं बेसहारा लोग ब्लॉक तक न पहुंचने के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं।
–**ठाकुर अनोज कुमार**

# फावड़ा से हमला करके छोटे भाई को मौत के घाट उतारा

संवाददाता, उघैती

- ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार देर रात दो सगे भाइयों के बीच हुआ था विवाद
- बुधवार को अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन, डॉक्टरों ने कर दिया मृत घोषित, किया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार :** उघैती थाना क्षेत्र में संदिग्ध रुप से घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। गांव में चर्चा है कि युवक के भाई ने शराब के नशे में मंगलवार रात को फावडा मारकर घायल कर दिया। पुलिस डर से परिजन रात भर घायल को घर में रोके रहे, सुबह को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन युवक ने दम तोड़ दिया।

गांव में चर्चा है कि मंगलवार रात दो सगे भाइयों के बीच रात को नलकूप के पास शराब के नशे में विवाद हुआ था। नाराज बड़े भाई ने छोटे भाई पर फावड़े से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और परिजनों को जानकारी दी। रात को परिजन घायल को घर में ही रोके रहे। बुधवार को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों की माने तो परिजनों ने पुलिस कार्रवाई के डर से शव अंतिम संस्कार कर दिया। थाना उघैती के थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि थाने पर सूचना नहीं दी गई है। अगर तहरीर आती है तो जांच कराई जाएगी। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर भी कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस मामले की जांच करेगी।

## शहर में आज

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का छात्र विकास शिविर पटियाली के सरस्वती शिशु मंदिर में सुबह 10 बजे से।
- बौद्ध अनुयाइयों द्वारा कासगंज के गांव अहरौली में बुद्ध वंदना कार्यक्रम सुबह 8 :30 बजे से।
- डा. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समिति द्वारा सोरों गेट स्थित आंबेडकर पार्क में विचार गोष्ठी सुबह 10 बजे से।
- बौद्ध कथा का वाचन सहावर के गांव सुजानपुर में दोपहर 12 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

# बिजली कटौती से गुस्साए ग्रामीणों ने होडलपुर उपकेंद्र घेरा ,जमकर हंगामा

## एसडीओ के समझाने पर माने लोग, समस्या दूर न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी होने साथ बिजली आपूर्ति लड़खड़ा गई है, जिससे लोग परेशान हैं। बिजली कटौती को लेकर बुधवार को आधा दर्जन गांवों के लोगों का गुस्सा भड़क उठा। आधा दर्जन गांवों के लोग इकट्ठे होकर सोरों के होडलपुर बिजली उपकेंद्र जा धमके और जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसका पता लगने पर पहुंचे एसडीओ ने समस्याएं दूर करने का आश्वासन देकर लोगों को शांत किया।

भीषण गर्मी के चलते बिजली की डिमांड बढ़ गई है। किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए बिजली की जरूरत है, लेकिन बिजली कटौती की वजह से सिंचाई नहीं हो पा रही है। बुधवार सुबह बिजली न आने से गुस्साए आधा दर्जन गांवों के लोग सोरों के होडलपुर स्थित बिजली उपकेंद्र जा धमके। लोगों ने बिजली उपकेंद्र का घेराव कर नारेबाजी शुरू कर दी। इसका पता लगने पर कासगंज एसडीओ पंकज कुमार, जेई कुंवरपाल मौके पर जा पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर शांत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीओ को ज्ञापन सौंपा और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस पर एसडीओ ने समस्या समाधान करने का आश्वासन।

बिजली उपकेंद्र घेरने वालों में गांव कुंवरपुर, कृपाल नगला, मुहिम नगर, माधो नगरा, नौगवां, बोहरे नगला आदि के लोग शामिल रहे। इनमें दिलीप सोलंकी, मनोज, प्रदीप, सौरभ, सुबोध सोलंकी, विष्णु सोलंकी, सुभाष मौर्य, सत्यवीर, बंटू सोलंकी, रवि, जीतू ,परमानंद, गोविंद राम, धर्मपाल, गंगाराम, अमित कुमार, राम गोपाल आदि रहे।



होडलपुर उपकेंद्र पर हंगामा करते ग्रामीणों को समझाते एसडीओ पंकज कुमार।

> सभी क्षेत्रों में आपूर्ति व्यवस्थित करने के निर्देश अधीनस्थों को दिए गए हैं। कहीं भी कोई समस्या हो तो तत्काल अधिकारियों से संपर्क करें। प्राथमिकता के साथ आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी। – **संजीव सविता**, प्रभारी अधीक्षण अभियंता

### लुहर्रा के ग्रामीणों ने भिटौना उपकेंद्र पर किया प्रदर्शन



गर्मी के चलते भिटौना उपकेंद्र का नवाबगंज फीडर बुधवार को लड़खड़ा गया है। यहां बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो पा रही। इससे लोगों में आक्रोश है। तभी गांव लुहर्रा के ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र भिटौना का घेराव किया और बिजली आपूर्ति व्यवस्थित करने की मांग की। साथ ही आंदोलन की चेतावनी दी है। अधिकारियों ने बिजली आपूर्ति व्यवस्थित करने का आश्वासन दिया।

## बुद्ध पूर्णिमा आज गंगा घाटों पर उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

**सोरोंजी, अमृत विचार :** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहेगा। सोरों के हरि की पौड़ी घाट पर बुधवार शाम से श्रद्धालु पहुंचने लगे। यहां उमड़ने वाले भीड़ के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने तैयारी की ली है।

मान्यता के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने से मनौती पूरी हो जाती है। इसी मान्यता के चलते गंगा घाटों पर बुद्ध पूर्णिमा को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा।

तीर्थ नगरी सोरों में श्रद्धालु गंगा स्नान करने के साथ-साथ देव स्थलों पर दर्शन करके मनौतियां मांगते हैं। बुद्ध पूर्णिमा को लेकर घाटों पर पूजा सामग्री की दुकानें सजी गई हैं।

नगर पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा के स्नान को लेकर पालिका प्रशासन ने तैयारियां की हैं। एक दिन पूर्व से ही प्रकाश व्यवस्था कर दी गई है। श्रद्धालुओं को काई समस्या न हो इसके लिए प्रशासन पूरी तरह गंभीर है।

# गर्मी ने मुश्किल किया जीना दिन में नहीं सूख रहा पसीना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जिले में बुधवार को पारा कुछ नीचे लुढ़का, लेकिन सूर्य के तेवर तल्ख होने से गर्मी जबरदस्त रही। सुबह से ही धूप तेज होने से लोग परेशान हो गए। धूप तेज होने से दोपहर को बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।

तीन दिन पहले जिले में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। जिससे गर्मी में लोग तड़प उठे थे। पिछले दो दिनों से तापमान में कुछ गिरावट आई है। बुधवार को जिले में अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस रहा। मगर धूप की तेजी में कमी नहीं आई। बुधवार को सुबह से ही धूप इतनी तेज थी कि लोग घरों से निकलने से बच रहे थे। पूर्वाह्न 11 बजे के बाद तो मानों आसमान से आग बरसने लगी, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। 12 बजे के बाद ज्यादातर लोग अपने घरों में चले गए, जिससे बाजारों में सन्नाटा पसरा नजर आया। दिन भर भीड़भाड़ से व्यस्त रहने वाले बाजार सूने नजर आए। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग एसी, कूलर और पंखों का सहारा लेते रहे।



धूप में गमछा से सिर ढककर जाता युवक।

- सुबह से तन झुलसाने लगी धूप दोपहर को सड़कों पर रहा सन्नाटा

### बीमारी से बचने को एहतियात जरूरी

डा. प्रवेश माहेश्वरी का कहना है कि बीमारी से बचने को एहतियात बरतना जरूरी है। गर्मी को देखते हुए लोग अपने खान-पान में एहतियात रखें। तेज धूप से आने पर एक साथ फ्रिज का ठंडा पानी न पीएं। बासी भोजन न खाएं। तले खाद्य पदार्थों से परहेज रखें। नीबू पानी का सेवन करें। तेज धूप में सिर ढककर निकलें।

## एक नजर

### केबल बदलते समय पोल से गिरा श्रमिक, घायल

**सोरों।** कस्बा में केबल बदलने का कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। बुधवार को केबल बदलते समय एक युवक पोल से नीचे गिरकर घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिलाअस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। गांव गड़रपुरा निवासी 22 वर्षीय सोनू कुमार पुत्र रमेश चंद्र सोरों कस्बा के मोहल्ला हनुमान गली में विद्युत केबल बदलने का कार्य कर रहा था। उसी दौरान सोनू का पैर फिसल गया और वह पोल से नीचे गिरकर घायल हो गया।

### युवती को बहला फुसलाकर ले गया युवक

**कासगंज।** थाना अमांपुर के गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि सदर कोतवाली के मुहल्ला चित्रगुप्त कॉलोनी निवासी राहुल उसकी पुत्री को बहलाकर अपने साथ ले गया। उसने पुलिस को बताया कि गांव के लोगों ने पुत्री को उसके साथ देखा है। पुत्री की काफी तलाश की है, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा है। इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौड़ ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवती एवं युवक की तलाश कर रही है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**कासगंज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कासगंज-सोरों मार्ग पर दो बाइकों में आमने –सामने की भिड़ंत हो गई। घटना में शहर के मुहल्ला नाथूराम निवासी 28 वर्षीय सपना एवं उनके पिता सुंदरलाल तथा दूसरा बाइक सवार कैलाश पुत्र मुन्नालाल निवासी झाझर थाना सोरों, हाकिम सिंह निवासी गांव चंदौसी सोरों घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### दिल के छेद की बीमारी ने ले ली बच्ची की जान



**कासगंज,अमृत विचार :** दिल में छेद ने एक बच्ची की जान चली गई। सोरों क्षेत्र के नाम घटियारी भनपुरा निवासी सात वर्षीय पायल पुत्री तेजपाल के दिल में छेन था। वह पिछले दो साल पहले इस बीमारी से ग्रसित थी। परिजनों ने उसे पलवल के निजी अस्पताल में दिखाया। चिकित्सकों ने दिल में छेद बताया। तभी से उसका उपचार चल रहा था, कोई फायदा नहीं मिल रहा था।

### बिरेरा नगला के युवक की सर्पदंश से हालत बिगड़ी

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र के गांव बिरेरा नगला निवासी विजय सिंह पुत्र श्योप्रसाद बुधवार की सुबह खेत में पानी लगा रहे थे। तभी उन्हें सर्प ने बाएं पैर में दंश मारकर अचेतर कर दिया। आनन फानन में परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

# रेखपुर में दूसरे दिन भी पसरा रहा सन्नाटा



हादसे के दूसरे दिन बुधवार को मृतका साक्षी के परिजनों को सांत्वना देने को एकत्र लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- ससुराल वाले नवविवाहिता का शव अपने साथ आगरा ले गए
- गोरहा नहर में डूबकर तीन लोगों की मौत का मामला

**अमृत विचार:** गोरहा नगर में तीन लोगों की मौत के बाद बुधवार दूसरे दिन भी गांव रेखपुर में मातमी सन्नाटा पसरा रहा। पोस्टमार्टम के बाद नव विवाहिता का अंतिम संस्कार उसकी ससुराल आगरा में किया गया। दो लड़कियों को दफनाया गया।

मंगलवार को गांव रेखपुर के ब्रह्मदेव मंदिर में अखंड़ रामायण पाठ का समापन हुआ था। धार्मिक अनुष्ठान को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह था। धार्मिक अनुष्ठान के लिए गोरहा माइनर में नहाने के दौरान तीन लड़कियों की डूबकर मौत हो गई थी। मंगलवार देर रात तीनों का पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद तीनों के शव परिजन लेकर गांव पहुंचे तो चीत्कार मच गई। नवविवाहिता संध्या का शव उसके ससुरालीजन आगरा ले गए। वहीं संध्या का अंतिम संस्कार किया गया। संध्या के पांच माह की बेटी है। वहीं सुमंत की 14 वर्षीय पुत्री साक्षी और दुष्यंत की 13 साल बेटी शम्मी को दफनाया गया है।



रेखपुर की गली में पसरा सन्नाटा।

## विश्व हिंदू परिषद चलाएगी विशेष गोरक्षा अभियान

**कासगंज।** विश्व हिंदू परिषद के विभाग संयोजक अम्बरीश वशिष्ठ के आवास पर बुधवार को बैठक का आयोजन हुआ। इसमें गोरक्षा एवं गोशाला विषय पर आगामी माह में विशेष अभियान चलाए जाने को लेकर रणनीति तैयार की गई।

बैठक के मुख्यअतिथि विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग ब्रज प्रांत अध्यक्ष अरविंद चौहान रहे। चौहान ने बताया कि गोरक्षा और गौशाला की लगातार दुर्दशा खराब होती जा रही है। इसको लेकर परिषद द्वारा आगामी माह में विशेष अभियान चलाया जाए।जिसमें सभी कार्यकर्ता लग्नशीलता के साथ काम करें। इस मौके पर शशांक शारड़ा को विभाग गोशाला संपर्क प्रमुख एटा कासगंज का नया दायित्व सौंपा है। शारड़ा ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।बैठक में मुख्य रूप से कमला प्रसाद , ओमकार सैनी, कुशाग्र डांगरा,शिवा, विशाल, विकास, आकाश आदि उपस्थित रहे।

# गंजडुंडवारा नगर पालिका प्रशासन व सभासदों के बीच तनातनी और बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** गंजडुंडवारा नगर पालिका प्रशासन और सभासद के बीच तनातनी बढ़ती जा रही है। बुधवार को 11 सभासद एडीएम राकेश पटेल से मिले और ज्ञापन दिया। इसमें नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच करने की मांग की। जांच में शिथिलता बरतने पर सामूहिक इस्तीफा देने की चेतावनी दी है।

नगर पालिका गंज डुंडवारा के 11 सभासद बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और एडीएम राकेश पटेल से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौपा। उन्हें सभासदों ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में निर्माण कार्य मानक के विपरीत किए जा रहा है। पालिका में भ्रष्टाचार चरम पर है। जांच के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। सफाई अभियान के नाम पर लाखों रुपया खर्च किए जा रहे हैं। बावजूद इसके कस्बा में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। नगर पालिका क्षेत्र के अमीर खुसरो स्कूल के पास नाला निर्माण एवं डंपिंग ग्राउंड में चल रहे निर्माण कार्य में मानक के विपरीत पीला ईंट का उपयोग किया जा रहा है। सभासदों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य अधिशासी अधिकारी एवं जेई की मिलीभगत से कराए जा रहे हैं। इस पर अपर जिलाधिकारी आरके पटेल ने सभासदों को निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिया।



एडीएम राकेश पटेल को ज्ञापन देते गंजडुंडवारा के सभासद। ● अमृत विचार

### एडीएम ने पांच सदस्यीय जांच टीम गठित की

सभासदों की शिकायत के बाद एडीएम राकेश पटेल ने जांच के लिए पांच सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है। जांच कमेटी में जल, विद्युत व सड़क के अधिशासी अभियंता, एसडीएम, सहायक लेखाधिकारी को शामिल हैं। इस पर सभासद दोबारा एडीएम से मिले और जांच अति शीघ्र कराने की मांग की गई। इन सभासदों में अब्दुल कादिर, सभासद प्रतिनिधि तारिक महमूद, मनोज कुमार, रवि शाक्य,ललित वर्मा आदि शामिल रहे।

- सभासदों ने ज्ञापन देकर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, सामूहिक इस्तीफा देने की चेतावनी दी

# आगरा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवादाता, कासगंज

- रिपोर्ट में डॉक्टर के माता-पिता भइया-भाभी और बहनोई नामजद

**अमृत विचार:** आगरा मेडिकल कॉलेज के डॉ. राहुल दहेज के लिए पत्नी का उत्पीड़न करने के आरोप में फंस गए हैं। रिपोर्ट में उनके माता-पिता, भइया-भाभी और बहनोई भी नामजद हैं। अमांपुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना अमांपुर इलाके की एक युवती ने अपने पति डॉ. राहुल, ससुर छोटेलाल, सास बृजरानी, जेठ प्रेमचंद, जिठानी पिंकी निवासी नगला मदी जिला एटा के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। पीड़िता का आरोप है कि उसके ससुराल वाले शादी के दौरान दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं हुए। शादी के बाद अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न करते थे। पीड़िता का आरोप है कि उसके जेठ आए दिन अभद्र व्यवहार करते थे। उसने अपने आगरा निवासी नंदोई को भी आरोपी बनाया है। पीड़िता ने इसकी शिकायत एसपी से की थी। एसपी के आदेश पर बुधवार को अमांपुर थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई। पुलिस के मुताबिक डॉ. राहुल आगरा मेडिकल कॉलेज में तैनात हैं। अमांपुर इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौड़ ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बागेश्वर धाम पैदल रवाना हुए श्रद्धालु



सोरों में श्रद्धालुओं का स्वागत करते ब्राह्मण कल्याण सभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, सोरों

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव पटकियां से श्रद्धालुओं का एक जत्था बागेश्वर धाम के लिए पैदल रवाना हुआ। सोरों वासियों ने जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं को फूल माला पहनाकर सुखद यात्रा की कामना की। बागेश्वर धाम तक की पैदल यात्रा पर निकलने वाले श्रद्धालुओं में शिवम दीक्षित, सोहित पाठक, सुबोध पाठक, कालीचरण, नितिन कुमार शामिल रहे।

यह जत्थ सोरों शूकर क्षेत्र पहुंचा तो ब्राह्मण कल्याण सभा के संस्थापक अध्यक्ष शरद कुमार पांडे के नेतृत्व में संगठन सदस्यों ने पटका पहनाकर सभी का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से शरद कुमार पांडे, जयप्रकाश त्रिवेदी, सोमदत्त पाठक, विनोद दीक्षित, अतुल निर्भय, निर्मल पाठक, श्याम दीक्षित, सुनील पाठक, संदीप पाठक, पीयूष त्रिवेदी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**कासगंज।** बीएस डायनामिक पब्लिक एकेडमी में विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल मेधावी छात्र–छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष मीना माहेश्वरी रही। पुरस्कार वितरण समारोह नदरई गेट स्थित एक शादी हॉल में हुआ। इसमें नर्सरी से कक्षा 8 तक प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं हिंदी प अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता व कला प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मीना माहेश्वरी ने सभी मेधावी छात्र–छात्राओं का हौसला बढ़ाया और उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य सुनील वशिष्ठ ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। इस मौके पर ब्रह्मकुमारी करुणा दीदी, प्रवीण शर्मा, सुशील शर्मा, सुभाष चंद्र दीक्षित, सुबोध भारद्वाज, सचिन पुंढीर, प्रमोद कुमार, रामचंद्र, अनीता सक्सेना, गौरव शर्मा, अरविंद, अमित दुबे, अमित सक्सेना, जितेंद्र, हेमा पांडेय, सविता, अवनी, स्मिता जैन, राधा वर्मा, सीबा,अंबिका रामनरेश आदि उपस्थित रहे।




पुरस्कार वितरण के बाद मेधावी छात्र–छात्राओं के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

**अव्यवस्था** जनप्रतिनिधियों की निधि से लगाए गए वाटर कूलर देखरेख के अभाव में हुए खराब

# शहर में वाटर कूलर खराब, लोग ठंडे पानी को परेशान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शहर के विभिन्न सात स्थानों पर लगे वाटर कूलर खराब हैं। इससे भीषण गर्मी में लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। इसकी शिकायत करने के बावजूद नगर पालिका प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। शहर के स्वास्थ्य केंद्र पर लगा आरओ वाटर कूलर लगभग एक सप्ताह से खराब है।

भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के लिए जनप्रतिनिधियों ने अपनी निधि से सार्वजनिक स्थलों पर वाटर कूलर लगवाए थे। इनके रखरखाव की जिम्मेदारी नगर की थी। शहर में लगे अधिकांश वाटर कूलर खराब पड़े हैं। शहर के स्वास्थ्य केंद्र पर लगा यह वाटर कूलर लगभग एक सप्ताह से खराब है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीज और तीमारदार पहुंचते है। वॉटर कूलर खराब होने से लोग ठंडे पानी के लिए भटकते नजर आते हैं। बिलराम गेट पुलिस चौकी के समीप रखा वाटर कूलर लंबे समय से खराब है। शहर के मालगोदाम चौराहे पर लगा वाटर कूलर पिछले लगभग एक वर्ष से खराब पड़ा है।

इस संबंध में बात करने को अधिशासी अधिकारी अमित कुमार से कई बार संपर्क किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।




नगर पालिका में खराब पड़ा वाटर कूलर।



मालगोदाम चौराहे पर खराब वाटर कूलर।

### निकायों की होती है रखरखाव की जिम्मेदारी

प्रक्रिया के तहत जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी निधि से पेयजल के आरओ वाटर कूलर ठेकेदारों के माध्यम से लगवाए जाते हैं। रख रखाव के लिए इन्हें निकायों के हैंडओवर कर दिया जाता है। फिर निकाय इनका रख–रखाव करती है। जानकारों के अनुसार जनप्रतिनिधि इन्हें लगवाकर छोड़ देते हैं, लेकिन हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी नहीं करते।



नगर पालिका में लगा वाटर कूलर लंबे समय से खराब पड़ा है। लोगों को पीने के पानी की परेशानी होती है। नगर पालिका को वाटर कूलर सही कराने चाहिए। –**नरेंद्र यादव**



शहर के मालगोदाम चौराहे पर लगा वाटर कूलर कई वर्षों से खराब है। इससे राहगीरों को पीने के पानी की दिक्कत होती है। पालिका को वॉटर कूलर सही कराने चाहिए। –**आशू**

# राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं का बड़ा योगदान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पटियाली में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्र व्यक्तित्व विकास शिविर लगाया

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से बुधवार को कस्बा पटियाली के जगदीश स्वरूप सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में छात्र व्यक्तित्व विकास शिविर लगाया गया। जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रखे। शिविर में छात्राओं को भाषण, नृत्य, मेहंदी, संगीत, आर्ट क्राफ्ट, रंगोली कला का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

शिविर के प्रथम दिवस में प्रतिभागी छात्राओं को भाषण का प्रशिक्षण दिया गया। जिला संयोजक कुश गुप्ता ने परिषद गीत सुनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजू सिंह ने की। मुख्य अतिथि प्रोफेसर नीरज किशोर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि श्याम किशोर गौड़, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, विभाग प्रमुख एटा विभाग सौरभ दीक्षित रहे, जिन्होंने मां शारदे व स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर नीरज किशोर मिश्रा ने कहा राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान है।

महिलाएं राष्ट्र की प्रगति के लिए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। नारी राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। विशिष्ट अतिथि श्याम किशोर गौड़ ने कहा कि प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, समावेशी, आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति है। कार्यक्रम को प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, संगठन के विभाग प्रमुख सौरभ दीक्षित ने भी संबोधित किया। प्रशिक्षण के दौरान अध्यापक प्रोफेसर रेवाड़ी लाल शर्मा ने छात्रों को समुचित भाषण की कला सिखाई।

कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष अनुज द्विवेदी ने किया। इस दौरान रोहित पुंडीर, अनुज द्विवेदी, अम्बुज द्विवेदी, कुमारी ज्योति यादव, सत्यराम शर्मा, ओंकार दीक्षित, भास्कर मिश्रा, अबधेश पांडेय, योगेंद्र आचार्य, योगेंद्र राठौर, संजीव कुमार, नूतन दुबे, वंदना, शिवानी, सुशील कुमार, शिवकांत दलेला मौजूद रहे।



दीप प्रज्वलित कर शिविर आरंभ करते अतिथि।




विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देते प्रोफेसर रेवाड़ी लाल शर्मा व अन्य।

# बीडीओ पर हमला करने वाले प्रधान के घर पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## आरोपी ने ग्राम समाज की जमीन पर बना रखा था अपना मकान

संवाददाता, अवागढ़

**अमृत विचारः** बीडीओ मोहम्मद जाकिर पर हमला ग्राम पंचायत अवागढ़ देहात के गांव नगला खना के ग्राम प्रधान रोहित, उसके पिता सत्येंद्र और उनके साथियों ने किया था। इसका खुलासा होने के बाद मंगलवार रात प्रशासन ने आरोपी प्रधान का मकान बुलडोजर से ढहा दिया। उसने ग्राम समाज की जमीन पर मकान बना रखा था। बुधवार सुबह को आसपास के ग्रामीणों ने देखा तो प्रधान का घर मलबा में बदल चुका था।


प्रधान ने ग्राम समाज की जमीन पर बनाया मकान ध्वस्त करती जेसीबी।

सोमवार सुबह अवागढ़ विकासखंड कार्यालय जाते समय कुछ लोगों ने बीडीओ मोहम्मद जाकिर की गाड़ी के आगे जेसीबी लगाकर उन्हें रोका और गाड़ी से उतारकर लाठी डंडे से पीटा था। उन पर फायरिंग भी की गई थी। मारपीट में उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। बीडीओ मोहम्मद जाकिर ने अवागढ़ थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बीडीओ पर हुए हमले के बाद कार्यालय में उनके साथी कर्मचारियों ने प्रदर्शन भी किया था।

पुलिस ने छानबीन की तो बीडीओ पर हमला करने वालों में ग्राम पंचायत अवागढ़ देहात के गांव नगला खना के ग्राम प्रधान रोहित पुत्र सत्येंद्र व उसके पिता सत्येंद्र का नाम सामने आया। आरोपी सत्येंद्र उर्फ सुरेंद्र ने ग्राम समाज की जमीन पर अवैध रूप से मकान बना लिया था। इसके बाद डीएम प्रेम रंजन सिंह के निर्देश पर एसडीएम जलेसर जगमोहन गुप्ता ने राजस्व एवं पुलिस टीम के साथ मंगलवार रात जाकर आरोपी का मकान जेसीबी ध्वस्त कर दिया।

जलेसर एसडीएम जगमोहन गुप्ता ने बताया कि बीडीओ पर हमला करने के एक आरोपी नगला खना के ग्राम प्रधान सुरेन्द्र के घर पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया गया है। मकान 2045 स्क्वायर फिट में ग्राम समाज की जमीन पर बनाया गया था। इस हमले के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपी भी इस मामले में जेल जायेंगे। इनके लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### तीन आरोपी गिरफ्तार प्रधान समेत बाकी फरार

**एटा।** खंड विकास अधिकारी मोहम्मद जाकिर पर हमला करने की घटना में फरार तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से एक जेसीबी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों में हरिकेश उर्फ हर्षित, सतीश यादव, सर्वेश यादव शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि इस घटना में मुख्य आरोपी प्रधान रोहित यादव, अंकित, सतेन्द्र पन्नालाल, अमन कुमार, रामकिशन, टीनू, नवीन मोनू, अजीत यादव फरार चल रहा है। इन आरोपितों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और उनके पास से बरामद जेसीबी। ● अमृत विचार

# पालिका प्रशासन ने शुरू कराई नालों की सफाई


नाले की सफाई कराते निरीक्षक महेश यादव। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचारः** सभासदों के बवाल के बाद नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की नींद टूटी गई। बरसात आने से पूर्व ही नाले-नालियों की सफाई का कार्य प्रारंभ करा दिया गया है।

पिछले दो सप्ताह से सभासदों एवं जन समुदाय द्वारा निरंतर नाले नालियों की सफाई की गुहार किए जाने के उपरांत भी पालिका परिषद के द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया था। अखबार में खबर प्रकाशित होने के पश्चात पालिका प्रशासन की नींद टूटी और नाले नालियों का सफाई कार्य प्रारंभ किया गया। बाबा कोल्ड स्टोरेज से प्रारंभ नाला जो कटरा चौकी माधव नगर होते हुए सागर ताल में समाहित हुआ है उस पर कार्य प्रारंभ हुआ।

सफाई निरीक्षक महेश चंद्र यादव ने बताया कि नाले नालियों की धार सफाई हेतु ठेका कर दिया गया है प्रथम चरण में बाबा कोल्ड से प्रारंभ हुए नाले जो के सागर ताल में गिरेगा, उस पर सफाई कार्य प्रारंभ हो चुका है जिसका औचक निरीक्षण किया गया। कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नालों की सफाई तडीझाड़ होगी। कमियां पाए जाने पर ठेकेदार का भुगतान रोका जाएगा।

# मरीज लेने जा रही सरकारी एम्बुलेंस सड़क किनारे पलटी

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के आगरा रोड स्थित जाबड़ा चौकी से आगे हजारा नहर के पास तेज रफ्तार जा रही सरकारी एम्बुलेंस बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई। एम्बुलेंस में सवार लोगों को मामूली चोट आईं।

एएलएस एम्बुलेंस प्रभारी हेमंत कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर एम्बुलेंस मरीजों लेने जा रही थी। एम्बुलेंस जाबड़ा चौकी से आगरा हजारा नहर के समीप पहुंची। तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे एम्बुलेंस बेकाबू होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की गई। इस दौरान बताया गया कि एम्बुलेंस में पीछे कोई निशान नहीं है।


दुर्घटना के बाद खाई में पड़ी एम्बुलेंस।

एम्बुलेंस प्रभारी की बात कितनी सही है और कितनी गलत है, जांच के बाद पता चलेगा। फिलहाल एम्बुलेंस को क्रेन से खिंचवाकर खड़ी कर दी है।

## सार-संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज में हुई पहली सिजेरियन डिलीवरी

**एटा।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकीय सुविधाएं बढ़ा दी गई हैं। जहां बुधवार को चिकित्सकों की टीम द्वारा सिजेरियन डिलीवरी सफलतापूर्वक कराई गई। विकास खण्ड मारहरा के गांव गिरौरा निवासी राजकिशोर की पत्नी रीता को प्रसव पीड़ा हुई। परिजनों द्वारा रीता को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. पायल, डा. साधना और डा. अरविंद द्वारा ऑपरेशन किया गया, जो सफल रहा है। ऑपरेशन के माध्यम से रीता ने जन्मे बच्चे का और उसका स्वास्थ्य ठीक है। इस सफलता के लिए डाक्टरों को बधाई दी गई। बताया गया है कि इन डाक्टरों की तीन ने रीता का ही नहीं बल्कि तीन ऑपरेशन किए गए।

### एसडीएम ने खनन में लगी जेसीबी व तीन ट्रैक्टर पकड़े

**जलेसर।** एसडीएम जगमोहन गुप्ता ने तहसील परिक्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को रोकने के लिए बनाए गए टास्क फोर्स के द्वारा अवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चुरथरा के निकट जंगल में अवैध रूप से कर रहे खनन जेसीबी एवं तीन ट्रैक्टर पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिए। जुर्माना के लिए रिपोर्ट अपर जिलाधिकारी को भेजी गई है।

### मेडिकल कॉलेज में कार से नगदी व मोबाइल चोरी

**एटा।** कोतवाली नगर क्षेत्र के डाक बगलिया स्थित मेडिकल कॉलेज की ओपीडी के सामने खड़ी डॉक्टर की का बुधवार दोपहर करीब दो बजे किसी ने शीशा तोड़ दिया। कार में रखा बैग गायब था, जिनमें नगदी और मोबाइल था। डाक्टर ईशान को इसकी जानकारी हुई जब उन्होंने कार का शीशा टूटा देखा। डाक्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। हालांकि देर शाम तक मामला दर्ज नहीं हो सका। इससे पहले भी मेडिकल कॉलेज से चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस एक भी घटना का अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है।

### अश्लील फोटो वायरल करने का विरोध करने पर पीटा

**एटा।** सकीट क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि गांव करीमपुर निवासी रमन दिवाकर पुत्र रामेश्वर सिंह ने पीड़ित की बेटी के अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर इंस्ट्राग्राम व व्हाट्सएप पर वायरल कर दिए। पीड़ित की बेटी से छेड़खानी की गई। विरोध करने पर मारपीट कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। अलीगंज के हरीसिंहपुर निवासी एक महिला ने बताया है कि गांव के निवासी जगराम समेत तीन लोगों ने उसे घेरकर छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपितों ने मारपीट की। इधर जसरथपुर के रहने वाले व्यक्ति का कहना है कि महाखेड़ा निवासी नीलेश पुत्र संतोष ने पीड़ित के घर में घुसकर उसकी पत्नी एवं भाभी और लड़की के साथ छेड़खानी की। पीड़ित ने छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया है।

### मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल

**एटा।** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र में हुईं मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराते हुए अभियोग दर्ज कराए गए हैं। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। रिजोर थाना क्षेत्र के गांव खुशालगढ़ निवासी सुखी पत्नी जुगेश का कहना है कि गांव के निवासी रिषी पुत्र अरविंद समेत पांच लोगों ने एकराय होकर पीड़िता के साथ मारपीट की तथा विरोध करने पर ईं पत्थर मारे, जान से मारने की धमकी दी है। घटना की रिपोर्ट पीड़ित द्वारा दर्ज कराई गई है। पुलिस जांच कर रही है। अलीगंज के अमरौली निवासी सतीश चन्द्र पुत्र प्रेमनारायण का आरोप है कि जैथरा के मोहल्ला भडईयान निवासी केशव पुत्र दीपचन्द्र समेत छह लोगों ने उसकी पुत्री के साथ मारपीट की। निधौलीकलां के मोहल्ला साडूपुरा निवासी वीरेन्द्र का आरोप है कि क्षेत्र के मोहल्ला झंटी निवासी जीतू पुत्र प्रेमसिंह समेत दो लोगों द्वारा पीड़ित से गाली गलौज करते हुए मारपीट की है।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक घायल

**एटा।** जनपद फिरोजाबाद के सिरसागंज थाना क्षेत्र के ग्राम उसानी निवासी विनय कुमार (20) पुत्र रामपूरन सिंह को कोतवाली नगर क्षेत्र एटा-शिकोहाबाद रोड स्थित गंगनपुर गांव के पास किसी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में घायल विनय को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुँच गए।

### युवती ने खाया जहर, हालत गंभीर

**जैथरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में कांशीराम आवासीय कालोनी निवासी खुशबू ने बुधवार को घर में कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। सूचना पर गई 108 एम्बुलेंस में खुशबू को मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

# दुष्कर्म के आरोपित को दस साल की सजा

**एटा, अमृत विचारः** अदालत ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामले में आरोपित नीलू पुत्र मोहन निवासी नगला रंजीत थाना बागवाला को दस वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी के खिलाफ थाना बागवाला पर धारा 363, 366, 376 और 4 पॉक्सो एक्ट का अभियोग दर्ज कराया गया था। पुलिस ने आरोपी को 5 नवंबर 2019 को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अभियोजन पक्ष द्वारा साक्ष्य समय पर और सही ढंग से प्रस्तुत किए जाने के बाद बुधवार को न्यायालय पॉक्सो एक्सक्लूसिव द्वारा दोषी को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये के जुर्माने के साथ दंडित किया गया है।


खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693
9837338306

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें

विशेष चिकित्सा:- ● भूख न लगना ● कब्ज ● अपच ● गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें

सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)

विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :- 26 मई 2024, रविवार
09 जून 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरैपी
हकलाना/तुतलाना
आटिस्म
निःशुल्क शिविर 23 मई 2024
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

